सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित

बिहार में 15.35 लाख नये वोटर जुड़े

संवाददाता ▷ पटना

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी. पहली जनवरी, 2020 के आधार पर तैयार की गयी सूची में 15 लाख 35 हजार नये मतदाताओं के नाम शामिल किये गये हैं, जबकि स्थानांतरण, मृत व दो नाम होने के कारण सूची से दो लाख 94 नामों को हटाया गया है. नयी मतदाता सूची में पुरुष मतदाताओं की संख्या 3.79 करोड़, जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 3.39 करोड़ है. अब कुल मतदाताओं की संख्या सात करोड़ 18 लाख 22 हजार 450 हो गयी है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी राज्य की मतदाता सूची में प्रति हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या बढ़ कर अब 894 हो गयी है. अंतिम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत मतदाताओं के फोटो शामिल किये गये हैं. सभी नये पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र (इपिक) उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है. अंतिम मतदाता सूची में 18-19 वर्ष उम्र के मतदाताओं की संख्या सात लाख 14 हजार 488 हो गयी है, जबकि 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 13 लाख तीन हजार 543 हो गयी है. सेवा मतदाताओं की संख्या राज्य में एक लाख 58 हजार 901 हो गयी है, जबकि प्रवासी मतदाताओं की संख्या सिर्फ 72 है. राज्य में मतदाताओं में सर्वाधिक संख्या 30-39 उम्र वर्ग के मतदाताओं की है. ● देखें पेज 03 भी

3.79 करोड़ पुरुष वोटर

18-19 वर्ष उम्र के मतदाताओं की संख्या 7.14 लाख

3.39 करोड़ महिला वोटर

2.94 लाख नाम हटाये गये

राज्य में किस उम्र वर्ग के कितने वोटर

18-19 वर्ष	714488
20-29 वर्ष	16054675
30-39 वर्ष	19865475
40-49 वर्ष	14691267
50-59 वर्ष	9778538
60-69 वर्ष	6318968
70-79 वर्ष	30954496
80 वर्ष से ऊपर	1303543